मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 3 नवीन तहसील और 1 उप-तहसील खोलने के प्रस्ताव को दी मंज़ूरी

चर्चा में क्यों?

4 मई, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में प्रशासनिक इकाइयों के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिये 3 नवीन तहसील और 1 उप-तहसील खोलने के प्रशासनिक प्रस्तावों को मंज़ूरी दी है।

प्रमुख बिंदु

- प्रस्ताव के अनुसार जोधपुर में तीन नवीन तहसीलें- झँवर, कुड़ी भगतासनी और घंटियाली तथा प्रतापगढ़ में एक नवीन उप-तहसील मूंगाणा का सृजन किया जाएगा।
- जोधपुर ज़िले में नवीन तहसील झँवर कार्यालय और पटवार मंडलों, भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्तों के सृजन करने के लिये स्वीकृति मिली है। झँवर के क्षेत्राधिकार में 3 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त, 14 पटवार मंडल एवं 79 राजस्व ग्राम शामिल हो रहे हैं।
- जोधपुर ज़िले की उप-तहसील कुड़ी भगतासनी को नवीन तहसील और उप-तहसील घंटियाली को नवीन तहसील के रूप में क्रमोन्नत करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई है।
- कुड़ी भगतासनी के क्षेत्राधिकार में 3 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त, 11 पटवार मंडल एवं 24 राजस्व ग्राम शामिल हो रहे हैं। वहीं घंटियाली के क्षेत्राधिकार में 5 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त, 17 पटवार मंडल और 46 राजस्व ग्राम शामिल किये गए हैं।
- इसी तरह मुख्यमंत्री ने प्रतापगढ़ ज़िले में नवीन उप-तहसील मूंगाणा के सृजन के प्रशासनिक प्रस्ताव को भी मंज़ूरी प्रदान की है। इसके क्षेत्राधिकार में 4 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त (1 पूर्ण व 3 आंशिक), 9 पटवार मंडल एवं 45 राजस्व ग्राम शामिल होंगे।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा बजट सत्र 2022-23 के दौरान वित्त एवं विनियोग विधेयक चर्चा के दौरान बिंदु संख्या 86 में नवीन कार्यालय सृजन की घोषणा की गई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-chief-minister-approved-the-proposal-to-open-3-new-tehsils-and-1-sub-tehsil-in-the-state